मतदान कराने आज मेरठ जाएंगे 138 पुलिस जवान

पुलिस लाइन सभागार में आयोजित प्रशिक्षण में मौजूद पुलिस जवान • जागरण

जासं, जागरण • श्रावस्ती : लोकसभा चुनाव में पहले चरण का मतदान संपन्न कराने के लिए मंगलवार को उपनिरीक्षक, मुख्य आरक्षी व आरक्षी समेत कुल 138 पुलिस जवान मेरठ जिले के लिए रवाना होंगे। सोमवार की शाम एसपी ने पुलिस लाइन सभागार में चुनाव ड्यूटी के संबंध में पुलिसकर्मियों को कर्तव्य का पाठ पढ़ाया। निष्ठा के साथ दायित्व निर्वहन करने के निर्देश दिए।

एसपी घनश्याम चौरसिया ने कहा कि ड्यूटी के समय अनुशासित रहे, साफ सुथरी वर्दी पहनें और फोटोयुक्त परिचय पत्र हमेशा अपने साथ रखें। आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन करें। महिलाओं, वृद्धजन, दिव्यांगजन व सामान्यजन के साथ नम्र व्यवहार करें। शांतिपूर्ण, निष्पक्ष व सुरक्षित मतदान संपन्न कराने में मदद करें। नियंत्रण अधिकारी के आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करें। निर्भीकता, तत्परता और सजगता बनी रहे। अपने शस्त्र की सुरक्षा के लिए सतर्क रहें। किसी भी राजनीतिक दल के लिए चुनाव एजेंट का कार्य नहीं करेंगे। उम्मीदवार, उनके एजेंट अथवा राजनीति से संबंधित व्यक्ति से कोई सुविधा अथवा सामग्री ग्रहण नहीं करना है। राजनीतिक दलों की आलोचना नहीं करेंगे। राजनीतिक दलों के चुनाव चिह्नों का उपयोग, प्रदर्शन वाहन अथवा शरीर पर नहीं करेंगे। पीठासीन अधिकारी के बिना मतदान केंद्र के अंदर नहीं जाएंगे। मतदान के दौरान किसी प्रत्याशी के पक्ष में मत देने अथवा न देने के लिए किसी को प्रेरित नहीं करेंगे। मादक पदार्थों का सेवन कदापि न करें। एएसपी प्रवीण कुमार यादव, सीओ अतुल चौबे, संतोष कुमार, संदीप वर्मा, प्रतिसार निरीक्षक अखिलेश कुमार, प्रभारी निरीक्षक चुनाव सेल गौरव सिंह मौजूद रहे।

अग्निसुरक्षा के लिए जागरूक किया

श्रावस्ती। सीएफओ प्रतीक श्रीवास्तव के नेतृत्व में 14 से 20 अप्रैल तक अग्नि सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत सोमवार को एफएसओ संजय जायसवाल ने अग्निशमन टीम के साथ केन्द्रीय विद्यालय भिनगा में अग्निसुरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया। जिसमें स्कूल के छात्र छात्राओं को अग्निशमन का प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य एके द्विवेदी, अग्निशमन लीडिंग फायरमैन राम समुझ, सर्वेश कुमार, पुष्पेन्द्र पवार आदि मौजूद रहे।